## एक नजर में

### अनुपयोगी वाहनों की होगी नीलामी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला न्यायिक स्थापना टीकमगढ़ के अनुपयोगी घोषित शासकीय वाहनों की विक्रय खुली नीलामी के माध्यम से की जानी है।**

तदनुसार प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निवाड़ी वरिष्ठतम न्यायाधीश शासकीय वाहन एमपी 02 एव्ही 2790 टाटा इंडिगो जीएलएक्स मॉडल नवम्बर 2009 अपसेट प्राईज 68000 हजार तथा विषेष न्यायाधीश एससी,सटी एक्ट टीकमगढ़ शासकीय वाहन एमपी 02 एचसी 0226 टाटा इंडिगो मॉडल 2011 अपसेट प्राईज 62000 हजार रूपये की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय की जायेगी। नीलामी, विक्रय की शर्तों के अधीन जो संस्था या व्यक्ति शासकीय वाहनों को क्रय करना चाहते हैं वह 19 अगस्त 2025 को जिला न्यायालय परिसर टीकमगढ़ मध्यप्रदेश में आयोजित खुली नीलामी में भाग ले सकता है, निलामी, विक्रय से संबंधित अन्य जानकारी अथवा वाहन का भौतिक अवलोकन जिला नाजिर नजारत अनुभाग जिला न्यायालय टीकमगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर किया जा सकता है।

# मौसम का मिजाज बदलते ही बढ़ीं बीमारियां

**जिला चिकित्सालय में लग रही मरीजों की कतारें**

**सर्दी,जुकाम एवं वायरल फीबर के मरीजों में इजाफा**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में पड़ रही उमस भरी भीषण गर्मी व मौसमी बीमारियों के चलते जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग रही है। जिसके कारण जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन ओपीडी में 700 मरीजों से ज्यादा की संख्या प्रतिदिन के पार पहुंच गई है। जिसमें सबसे ज्यादा उल्टी,दस्त, खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीज आ रहे है। चिकित्सा विभाग मरीजो के इलाज में जुटा है। अस्पताल डॉ. अजीत जैन ने बताया पिछले कुछ दिनों से बारिश थमते ही क्षेत्र में उमस भरी भीषण गर्मी के चलते मौसमी बीमारियो ने अपने पैर पसार लिए है।**

जानकारी के मुताविक जिला चिकित्सालय में इन दिनों डिहाईड्रेशन, खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त, पेट दर्द एवं वायरल बुखार होने के मरीजों की संख्या में एक साथ इजाफा हुआ है। सीएचसी डॉ. अजीत जैन ने बताया कि क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी में अगर बेहद जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकले। अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से लगभग 600 से 700 तक मरीज इलाज के लिए प्रतिदिन आ रहे है। मौसम परिवर्तन के वजह से रोग बढते है। ऐसे समय में घबराने के बजाय इसके बचाव के लिए आइसक्रीम, ठंडा पानी व पेय पदार्थ नहीं पीकर गर्म करके गुनगुना पानी पीना चाहिए। कूलर का पानी निकाल कर साफ कर ले। घर व उसके आसपास साफ-सफाई रखे ताकि मच्छर पैदा न हो। ताजा भोजन खाए और मरीज अपने मुंह पर मास्क लगाए। पिछले दिनों से अस्पताल आने वाले मरीजों में मौसमी बीमारी के मरीजो की संख्या अधिक है। जिनमे डिहाईड्रेशन, खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त, बुखार की बीमारी के मरीज शामिल है।

नगरवासियों का कहना है कि क्षेत्र में पड़ रही उमस बाली गर्मी के चलते नालियों में गंदगी होने पर मच्छरों का प्रकोप भी बढ रहा है। समाजसेवियों ने क्षेत्र में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप तथा मौसमी बीमारी की रोकथाम को स्थानीय प्रशासन से फ ोगिंग कराने की मांग की है जिससे कि बीमारियों की रोकथाम हो सके। हालाकि तेज धूप के कारण दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 7 बजें तक शहर के लोगों को उमस बाली गर्मी से जूझना पड़ रहा है। इस समय सबसे ज्यादा मरीज पेट दर्द, उल्टी ,दस्त जैसी बीमारियों के जिला अस्पताल में आ रहे है।

### लोगों को मेडिकल विशेषज्ञ ने दी सलाह

मेडीकल विशेषज्ञ डॉ. अजीत जैन ने बताया कि इन दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। इस मौसम में गर्दन के पिछले बाला भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। पानी का अधिक मात्रा मे सेवन करे। उन्होने बताया कि लोग इस समय बाजार के व्यंजनों का सेवन नही करे। घर के भोजन का सेवन करने से शरीर स्वस्थ्य रहेगा।

## दो दिन में होगी बिजली व्यवस्था शुरू : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। कुंडेश्वर मार्ग पर कई वर्ष पहले उजाले की व्यवस्था बनाने के लिए यहां पोल खड़े कर लाईटे लगवाई गई थी मगर किसी कारण बस लाईटे ना जलने के कारण इस मार्ग पर शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। इस सावन के माह में लोगों का कुंडेश्वर धाम पर देर रात तक आना-जाना लगा रहता है मगर अंधेरा होने के कारण लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा टीकमगढ़ नगर को कुंडेश्वर से जोड़ने वाले मार्ग की प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई।**

**बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को 48 घंटे के अंदर बिजली व्यवस्था प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए।** बैठक में एसडीएम टीकमगढ़ लोकेंद्र सरल, तहसीलदार टीकमगढ़ सत्येंद्र गुर्जर, नगर पालिका टीकमगढ़ सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, कार्यपालन अभियंता एमपीईबी सुधीर कुमार सोनी ,सहायक यंत्री बाथम कुंडेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर सचिव राजेंद्र मिश्रा, ग्राम पंचायत कुंडेश्वर के सरपंच प्रतिनिधि दिनेश खटीक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कुंडेश्वर - टीकमगढ़ मार्ग पर विद्युतीकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए मार्ग की विद्युत व्यवस्था को लेकर तात्कालिक एवं दीर्घकालिक रणनीति बनाने पर विचार किया तथा तात्कालिक तौर पर एमपीईबी को शाम तक पूरे वितरण प्रणाली की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को 48 घंटे के अंदर बिजली व्यवस्था प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए।

## खिड़की उखाड़ कर दिया चोरी की घटना को अंजाम



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। अमरपुर गांव में बदमाश एक मकान की खिड़की उखाड़ कर घुस गए, और अज्ञात चोरों ने घर में रखे गहने और नकदी पर अपना हाथ साफ कर दिया। इसके बाद यह चोर घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहे।**

बड़ागांव थाना पुलिस के बताए अनुसार बदमाशों ने मकान की पिछली खिड़की को तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। फरियादी जमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने मंगलवार सुबह भतीजे प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में जमुना प्रसाद ने बताया कि उनके छोटे भाई रामगोपाल तीन-चार दिन पहले ओंकारेश्वर गए थे। घर में बहू ज्योति और छोटे बच्चे थे। सोमवार रात करीब 10.30 बजे बहू ज्योति, बच्चे और जमुना प्रसाद की पत्नी बबली घर के अगले कमरे में एवं जमुना प्रसाद दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब बबली और ज्योति ने देखा तो एक कमरे की पिछली दीवार की खिड़की टूटी हुई थी। चोरों ने रामगोपाल के कमरे से सोने का मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झुमकी, दो हार, तीन जोड़ी चांदी की पायल, एक करधनी और 10 हजार रुपए चुराने की घटना को अंजाम दिया है। बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## खाद्य लाइसेंस बनवाने पहुंचे पात्र हितग्राही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खाद्य लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन शिविरों का आयोजन 22 जुलाई मंगलवार को हनुमान मंदिर के पास दिनऊ तहसील पलेरा में किया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियम एवं विनियम के अंतर्गत समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन लेने की अनिवार्यता की समझाइस दी गई।**

शिविर में खाद्य कारोबारकर्ता किराना, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फल, सब्जी विक्रेता, पानी पुरी, चाट, समोसा ठेला वाले, जूस सेंटर, आईस्क्रीम, नमकीन, मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूह, शासकीय राशन दुकानें, केटर्स, टिफिन सेंटर, अंडा, मटन, आटा मसाला चक्की, हाट बाजार में दुकान लगाने वाले, ट्रांसपोर्टर, दूध विक्रेता एवं प्रसाद निर्माण व विक्रय करने वाले एवं सभी कारोबारकर्ता, व्यापारी जो खाने-पीने से संबंधित सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करते हैं, इन सभी को लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्यता के बारे में बताया गया है। शिविर में यह लोग लाईसेंस,रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट साइज फोटो, मीट मटन विक्रय हेतु नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की अनापत्ती प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित हुए। खाद्य लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन शिविरों का आयोजन 22 जुलाई मंगलवार को हनुमान मंदिर के पास दिनऊ तहसील पलेरा में किया गया।

## पानी का भराव होने के कारण आवागमन बंद

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर परिषद कारी में दीप सागर तालाब का पानी ओवरफ्लो होने से वार्ड नंबर 10 की सड़क जलमग्न हो गई है। सड़क पर लगभग 4 फीट तक पानी भर गया है। प्रशासन को स्थिति की जानकारी मिलने पर एक दिन पहले सड़क के दोनों ओर बैरिकेड लगाकर आवागमन बंद कर दिया गया था।**

मंगलवार की सुबह 9 बजे एक ट्रैक्टर चालक ने बैरिकेड हटाकर अंबेडकर चौराहे से गुंदलयाने की ओर जाने का प्रयास किया। जलभराव वाले क्षेत्र में ट्रैक्टर सड़क से नीचे उतर गया। ट्रैक्टर 9.10 फीट गहरे पानी में जा गिरा। चालक ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। दीप सागर



तालाब का पानी 2 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। स्थानीय लोग प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड को हटा रहे हैं या तालाब में फेंक रहे हैं।

लोग 4 फीट गहरे पानी से होकर गुजर रहे हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस तरह के कृत्य से होने वाली किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी नागरिकों की होगी। नगर परिषद कारी में दीप सागर तालाब का पानी ओवरफ्लो होने से वार्ड नंबर 10 की सड़क जलमग्न हो गई है। सड़क पर लगभग 4 फीट तक पानी भर गया है।

### कल लगेगा रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टेगौर हॉल, कुण्डेष्वर रोड टीकमगढ़ में 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का अयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। युवा संगम, रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसका अयोजन किया जा रहा है।

## चुनाव नहीं कराए जाने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश माझी महासभा के सदस्यों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सदस्यों ने जिले के सभी तालाबों की मत्स्योद्योग सहकारी समितियों के चुनाव कराने की मांग की है। महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि अगर एक महीने में चुनाव नहीं कराए गए तो वे उग्र आंदोलन और जल सत्याग्रह करेंगे।**

जिलाध्यक्ष आशीष रैकवार ने ज्ञापन देते हुए बताया कि जिले में 100 से अधिक तालाबों में रैकवार समाज की मत्स्योद्योग सहकारी समितियां हैं। इन समितियों का चुनाव हर पांच साल में होता है। लेकिन 7 साल बीत जाने के बाद अभी तक चुनाव नहीं हुए हैं। चुनाव में समिति सदस्य पंच चुनते हैं और बहुमत से अध्यक्ष बनता है। रैकवार ने आरोप लगाया कि सहकारिता विभाग के अधिकारी



चुनाव कराने या रद्द करने के नाम पर समिति सदस्यों से पैसे मांग रहे हैं। अधिकारियों की मांगें पूरी न होने के कारण कई तालाबों के चुनाव नहीं हुए हैं।

इससे रैकवार माझी समाज के लोग रोजी-रोटी के लिए दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। महासभा ने एक महीने में सभी लंबित चुनाव कराने की मांग की है। साथ ही तालाबों पर अवैध कब्जा हटाने युवाओं को सदस्यता देने और सरकारी योजनाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग भी की है। उन्होंने गैर-मछुआ समाज के प्रबंधकों को हटाने और भारी बारिश से हुए नुकसान की भरपाई की मांग भी की है। महासभा ने चेतावनी दी है कि अगर एक महीने में चुनाव नहीं कराए गए तो वे उग्र आंदोलन और जल सत्याग्रह करेंगे।


## शिकायतों के निराकरण में पुलिस को मिला दूसरा स्थान

**बरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया एसपी का सम्मान**

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। जनसेवा और उत्तरदायित्व की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत जन शिकायतों के प्रभावी, त्वरित व समाधानपरक निराकरण में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया है। यह सम्मान जिले की पुलिस की सजगता, संवेदनशीलता व सेवा भाव का जीवंत प्रमाण है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को जाता है , जिनके दृढ़ नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिले की समस्त पुलिस इकाइयों ने अत्यंत




प्रभावशाली कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। जुलाई 2025 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के निर्धारित मापदंडों पर खरे उतरते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ़ में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा एसपी श्री मंडलोई को सम्मानित किया गया तथा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई एवं प्रशंसा प्रदान की गई। एएसपी टीकमगढ़ विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे,रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान,थाना प्रभारी ट्रैफिक कैलाश पटेल, मुख्य लिपिक किशनदयाल कुशवाहा, सीएम हेल्पलाइन मॉनिटरिंग टीम के समस्त सदस्य मौजूद रहे। जनसेवा और उत्तरदायित्व की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत जन शिकायतों के प्रभावी, त्वरित व समाधानपरक निराकरण में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया है।

यह सम्मान जिले की पुलिस की सजगता, संवेदनशीलता व सेवा भाव का जीवंत प्रमाण है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को जाता है , जिनके दृढ़ नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिले की समस्त पुलिस इकाइयों ने अत्यंत प्रभावशाली कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया।

**प्रशिक्षण** — 16 सितंबर को होगा प्रशिक्षण का समापन

## आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पादित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन के मार्गदर्शन में दस्तक अभियान अंतर्गत खण्ड चिकित्सा अधिकारी सीडीपीओ महिला बाल विकास विभाग विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक विकासखंड कम्युनिटी मोबीलाईजर, सहित सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ एएनएम, सीएचओ एलएचव्ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न स्तरो पर सम्पादित किया गया है।**

डॉ.वरूण जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक संचालित होने जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला



स्तरीय बैठक, प्रशिक्षण दिया गया। अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर संयुक्त टीम सीएचओ, एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर 0-5बर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाकर विटामिन ए की खुराक ओआर एस का वितरण, एनिमिया की जांच, कुपोषण,जन्मजात विकृति के केशों,एवं अन्य मौसमी बीमारियों का चिन्हांकन कर उपचार एवं रेफरल प्रबंधन सुनिश्चित करना। साथ ही सभी टीकमगढ़ जिले के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि आप अपने 0 से 5 बर्ष के बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र ले जाकर स्क्रीनिंग कराकर अभियान को सफल बनायें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तर से डॉ.पीकेमाहौर डीएचओ प्रथम, डॉ केएमवरूण जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ कमलेश गुप्ता शिशु रोग विशेषज्ञ,जिला चिकित्सालय डॉ नेहा नंदन चौरसिया, शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, मनोज नायक प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी, प्रबल त्रिपाठी डीसीएम, डॉ सचिन जैन आरबीएसके, डॉ अर्चना जैन आयुष चिकित्सा अधिकारी, नरेश विश्वकर्मा व्हीसीसीएम सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम बीसीएम,वीईई, सेक्टर पर्यवेक्षको ने विभिन्न स्तरो पर सम्पादित किया।

### बच्चों की स्क्रीनिंग कर दी विटामिन की खुराक

अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर संयुक्त टीम सीएचओ, एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर 0-5बर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाकर विटामिन ए की खुराक ओआरएस का वितरण, एनिमिया की जांच, कुपोषण,जन्मजात विकृति के केशों,एवं अन्य मौसमी बीमारियों का चिन्हांकन कर उपचार एव रेफरल प्रबंधन सुनिश्चित करना। साथ ही सभी जिले के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि आप अपने 0 से 5 बर्ष के बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र ले जाए।

### जनसुनवाई में आई शिकायतें निराकृत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में अधिकारियों ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए ।जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण शिकायती पत्रों पर सुनवाई की गई।

## बारिश थमते ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले चार दिनों से जिले में बारिश थम चुकी है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 6 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को 29.8 डिग्री से बढ़कर सोमवार को 35.2 डिग्री तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान भी 24 से बढ़कर 25.5 डिग्री हो गया है।**

भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और रविवार को 33.5 डिग्री रहा। मंगलवार सुबह 10 बजे तक तापमान 31 डिग्री पहुंच गया। उमस भरी गर्मी के कारण ट्रांसफॉर्मर जलने और विद्युत फाल्ट बढ़ गए हैं। सोमवार रात कुंवरपुरा रोड, शिवनगर कॉलोनी और जेल के सामने की कॉलोनी में देर रात तक बिजली गुल रही। लगातार बारिश से खरीफफसलों की बोवनी प्रभावित हुई है। कुछ किसानों की उड़द और मूंगफली की फसल पानी में बह गई। दलहन फसलों का रकबा कम होने से दालों के दाम बढ़ सकते है।